D. लोकसभा सीटों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 करना

Q33 Constitutional amendments

संविधान (106वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023 के अनुसार, लोकसभा में प्रत्यक्ष निर्वाचन द्वारा भरी जाने वाली सीटों का कितना अनुपात महिलाओं के लिए आरक्षित किया जाना है?

A. एक-तिहाई सीटें ✓
B. एक-चौथाई सीटें
C. दो-तिहाई सीटें
D. आधी सीटें

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q34 Constitutional bodies

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (NCST) का गठन किस संवैधानिक संशोधन द्वारा किया गया था?

A. 97वें संशोधन

B. 89वें संशोधन ✓

C. 65वें संशोधन

D. 102वें संशोधन

Q35 Cooperative societies

भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, सहकारी समितियों के बोर्ड के नियमित चुनावों को अनिवार्य बनाता है?

A. अनुच्छेद 243ZL

B. अनुच्छेद 243ZG

C. अनुच्छेद 243ZK ✓

D. अनुच्छेद 243ZI

Q36 Directive Principles

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य को पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने का निर्देश देता है?

A. अनुच्छेद 15

B. अनुच्छेद 39(d) ✓

C. अनुच्छेद 14

D. अनुच्छेद 42(b)

Q37 Directive Principles

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के संविधान में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के रूप में समाहित गांधीवादी आदर्शों को प्रतिबिंबित करता है?

A. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना ✓

B. बच्चों को शोषण से बचाना

C. जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बढ़ाना

D. सभी के लिए उपयुक्त रोजगार सुनिश्चित करना

Q38 Directive Principles

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 में निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य उल्लिखित है?

A. पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन को बढ़ावा देना ✓

B. ग्राम पंचायतों का संगठन करना

C. कृषि और पशुपालन का संगठन करना

D. समान न्याय सुनिश्चित करना और निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना

Q39 Directive Principles

निम्नलिखित में से कौन-सा, राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के संदर्भ में सुमेलित **नहीं** है?

A. अनुच्छेद 41 - न्यायसंगत और मानवीय कार्य परिस्थितियों तथा मातृत्व अवकाश के लिए प्रावधान ✓

B. अनुच्छेद 43A - उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी

C. अनुच्छेद 40 - ग्राम पंचायतों का संगठन

D. अनुच्छेद 39A - समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता

Q40 Directive Principles

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद 51 में निहित **नहीं** है?

A. भारत के वनों और वन्यजीवों का संरक्षण ✓

B. अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना

C. अंतर्राष्ट्रीय कानून और संधि दायित्वों का सम्मान

D. राष्ट्रों के बीच न्यायपूर्ण और सम्मानपूर्ण संबंध

Q41 Directive Principles

भारतीय संविधान के राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत मुख्यत: किस प्रकार के न्याय को प्राप्त करने का लक्ष्य रखते हैं?

A. आर्थिक और सामाजिक न्याय ✓

B. धार्मिक न्याय

C. राजनीतिक न्याय

D. सभी कानूनी न्याय

Q42 Directive Principles

राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों में समाहित गांधीवादी सिद्धांतों के अनुसार, राज्य निम्नलिखित में से किसको बढ़ावा देने का प्रयास करेगा?

A. ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत या सहकारी आधार पर कुटीर उद्योग ✓

B. बड़े पैमाने पर कॉर्पोरेट कृषि

C. शहरी क्षेत्रों में औद्योगीकरण

D. विदेशी व्यापार समझौते

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q43 Directive Principles

राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत का कौन-सा अनुच्छेद, भारत में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को प्रतिष्ठापित करता है?

A. अनुच्छेद 41
B. अनुच्छेद 44
C. अनुच्छेद 43
D. अनुच्छेद 39 ✓

Q44 Directive Principles

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में समान नागरिक संहिता (UCC) का प्रावधान है?

A. अनुच्छेद 48
B. अनुच्छेद 42
C. अनुच्छेद 46
D. अनुच्छेद 44 ✓

Q45 Directive Principles

भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, मानवीय कार्य परिस्थितियों और मातृत्व अवकाश के प्रावधान को अनिवार्य बनाता है?

A. अनुच्छेद 42 ✓
B. अनुच्छेद 44
C. अनुच्छेद 48
D. अनुच्छेद 41

Q46 Directive Principles

एल. एम. सिंघवी (L. M. Singhvi) के अनुसार, राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को क्या माना जाता है?

A. नैतिक अधिकार
B. कानूनी अधिकार
C. संविधान के जीवनदायी प्रावधान ✓
D. मौलिक अधिकार

Q47 Directive Principles

अनुच्छेद 47, निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. पर्यावरण संरक्षण
B. पोषण और सार्वजनिक स्वास्थ्य स्तर को बढ़ाना ✓
C. प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी
D. कृषि संगठन

Q48 Directive Principles

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, भारतीय संविधान के राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में वर्ष 2011 के संविधान (97वें संशोधन) अधिनियम द्वारा जोड़ा गया था?

A. अनुच्छेद 48A - पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार तथा वनों और वन्य जीव की सुरक्षा
B. अनुच्छेद 43B - सहकारी समितियों को प्रोत्साहन ✓
C. अनुच्छेद 39A - समान न्याय और निःशुल्क कानूनी सहायता
D. अनुच्छेद 43A - उद्योगों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी

Q49 Directive Principles

भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्य को समान कार्य करने वाले पुरुषों और महिलाओं के लिए समान वेतन सुनिश्चित करने के लिए बाध्य करता है?

A. अनुच्छेद 47(a)
B. अनुच्छेद 42
C. अनुच्छेद 38(1)
D. अनुच्छेद 39(d) ✓

Q50 Directive Principles

भारतीय संविधान के राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

A. ये विधायिका और कार्यपालिका का मार्गदर्शन करते हैं।
B. ये जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।
C. ये न्यायालयों द्वारा कानूनी रूप से प्रवर्तनीय होते हैं। ✓
D. ये सामाजिक-आर्थिक न्याय के आदर्शों का प्रतीक होते हैं।

Q51 Election Commission

लोक सभा या राज्य विधानसभा के प्रत्येक आम चुनाव से पहले, राष्ट्रपति किसके साथ परामर्श करने के पश्चात क्षेत्रीय आयुक्तों की नियुक्ति कर सकते हैं?

A. लोकसभा अध्यक्ष
B. निर्वाचन आयोग ✓
C. भारत के मुख्य न्यायाधीश
D. प्रधानमंत्री

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q52 Emergency provisions

संसदीय अनुमोदनों और संवैधानिक शर्तों के अधीन, अनुच्छेद 356 के अंतर्गत किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन अधिकतम कुल कितनी अवधि तक जारी रह सकता है?

A. एक वर्ष तक
B. दो वर्ष तक
C. तीन वर्ष तक ✓
D. चार वर्ष तक

Q53 Emergency provisions

यदि लोकसभा भंग होने की स्थिति में आपातकाल की उद्घोषणा को केवल राज्यसभा द्वारा अनुमोदित किया जाता है, तो नव गठित लोकसभा की पहली बैठक से यह उद्घोषणा कितनी अवधि तक प्रभावी रहेगी?

A. 60 दिन
B. 21 दिन
C. 30 दिन ✓
D. 14 दिन

Q54 Finance Commission

वित्त आयोग (प्रकीर्ण उपबंध) अधिनियम, 1951 के अनुसार, वित्त आयोग में कौन शामिल होंगे?

A. एक अध्यक्ष और आठ अन्य सदस्य
B. एक अध्यक्ष और चार अन्य सदस्य ✓
C. एक अध्यक्ष और दो अन्य सदस्य
D. एक अध्यक्ष और छह अन्य सदस्य

Q55 Finance Commission

वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. यह एक अर्ध-न्यायिक निकाय है।
2. यह अनुच्छेद 280 से संबंधित है।
3. इसका गठन राष्ट्रपति द्वारा किया जाता है।
4. इसका गठन प्रत्येक 6 वर्ष के बाद किया जाता है।
उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं।

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1, 2 और 3 ✓
C. केवल 1 और 2
D. केवल 4

Q56 Finance Commission

भारत में, केंद्र-राज्य संबंधों में वित्त आयोग की मुख्य भूमिका क्या है?

A. केंद्र और राज्यों के बीच करों से प्राप्त शुद्ध आगमों के वितरण की अनुशंसा करना ✓
B. आर्थिक विकास निधियों की योजना बनाना
C. GST में राज्यों के हिस्से का आवंटन करना
D. राज्य के बजट को स्वीकृति देना

Q57 Fundamental Duties

86वें संशोधन में निम्नलिखित में से किससे संबंधित एक नया मौलिक कर्तव्य शामिल किया गया?

A. पर्यावरण के संरक्षण
B. सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा
C. बच्चों के शिक्षण ✓
D. राष्ट्र की रक्षा

Q58 Fundamental Duties

निम्नलिखित मौलिक कर्तव्यों में से कौन-सा, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन से **गलत** संबंधित है?

A. वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानवतावाद और जिज्ञासा एवं सुधार की भावना को विकसित करना
B. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करना
C. हमारी सामासिक संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना
D. सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा को छोड़ना ✓

Q59 Fundamental Duties

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में मौलिक कर्तव्य शामिल है?

A. अनुच्छेद 61A
B. अनुच्छेद 41A
C. अनुच्छेद 31A
D. अनुच्छेद 51A ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q60 Fundamental Rights

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 मुख्यत: निम्नलिखित में से किस अधिकार की गारंटी देता है?

A. कानून के समक्ष समानता का अधिकार
B. संवैधानिक उपायों का अधिकार
C. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार
D. धर्म की स्वतंत्रता ✓

Q61 Fundamental Rights

कौन-सा अनुच्छेद राज्य को महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है?

A. अनुच्छेद 23(2)
B. अनुच्छेद 19(5)
C. अनुच्छेद 15(3) ✓
D. अनुच्छेद 16(2)

Q62 Fundamental Rights

अनुच्छेद 23 विशेषतः किसको प्रतिबंधित करता है?

A. जोखिम वाले उद्योगों में बाल श्रमिक नियोजन
B. उपाधि प्रदान करना
C. सशस्त्र बलों में अनिवार्य सेवा
D. मानव तस्करी ✓

Q63 Fundamental Rights

भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, संसद को सशस्त्र बलों के सदस्यों और लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए उत्तरदायी बलों के संबंध में मौलिक अधिकारों की प्रयोज्यता को बदलने का अधिकार प्रदान करता है?

A. अनुच्छेद 35
B. अनुच्छेद 33 ✓
C. अनुच्छेद 42
D. अनुच्छेद 45

Q64 Fundamental Rights

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. अनुच्छेद 13 संविधान-पूर्व और संविधान-पश्चात दोनों कानूनों की न्यायिक समीक्षा का प्रावधान करता है।
2. अनुच्छेद 13 यह घोषित करता है कि मौलिक अधिकारों के विपरीत या उनका उल्लंघन करने वाले सभी कानून अकृत और शून्य होंगे।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही कथन है/हैं?

A. केवल 2
B. न तो 1 और न ही 2
C. केवल 1
D. 1 और 2 दोनों ✓

Q65 Fundamental Rights

6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार किस अनुच्छेद के अंतर्गत प्रदान किया गया है?

A. अनुच्छेद 19
B. अनुच्छेद 45
C. अनुच्छेद 51A(k)
D. अनुच्छेद 21A ✓

Q66 Governor provisions

भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, राज्यपाल के कार्यकाल से संबंधित है, जिसमें राष्ट्रपति के स्वेच्छानिर्णय से सेवा करने और पद त्याग करने का तरीका शामिल है?

A. अनुच्छेद 156 ✓
B. अनुच्छेद 155
C. अनुच्छेद 157
D. अनुच्छेद 158

Q67 Judiciary

भारत में अधीनस्थ न्यायालय समग्र न्यायिक प्रणाली को किस प्रकार सहयोग प्रदान करते हैं?

A. सुगम, त्वरित और स्थानीय न्याय प्रदान करके ✓
B. विशेष रूप से अपीलों पर कार्रवाई करके
C. उच्च न्यायपालिका में कानूनी शक्ति को केंद्रीकृत करक
D. नए कानून अधिनियमित करके

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q68 Judiciary articles

उच्चतम न्यायालय को किस अनुच्छेद के तहत न्यायिक समीक्षा का अधिकार प्राप्त है?

- A. अनुच्छेद 32 ✓
- B. अनुच्छेद 30
- C. अनुच्छेद 72
- D. अनुच्छेद 124

Q69 Judiciary structure

किसी जिले में निम्नलिखित में से किस न्यायालय को सर्वोच्च न्यायिक प्राधिकरण माना जाता है?

- A. पारिवारिक न्यायालय
- B. उच्च न्यायालय
- C. मुन्सिफ न्यायालय
- D. जिला न्यायालय ✓

Q70 Legislature qualifications

मिस्टर ABCD विधानसभा सदस्य बनना चाहते हैं। विधानसभा सदस्य बनने के लिए भारत के संविधान में न्यूनतम आयु कितनी निर्धारित है?

- A. 21 वर्ष
- B. 25 वर्ष ✓
- C. संविधान में न्यूनतम आयु का कोई प्रावधान नहीं है।
- D. 35 वर्ष

Q71 Local bodies amendments

1992 के 74वें संशोधन अधिनियम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।
1. इसके अंतर्गत भारत के संविधान में एक नया भाग IX-A जोड़ा गया।
2. इसके अंतर्गत संविधान में एक नई 10वीं अनुसूची भी जोड़ी गई।
3. इस अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक राज्य में तीन प्रकार की नगरपालिकाओं के गठन का प्रावधान है।
4. इसमें अनुच्छेद 243-P से 243-ZG तक के प्रावधान शामिल हैं।
उपरोक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

- A. केवल 2 और 3
- B. केवल 1, 2 और 3
- C. केवल 2 और 4
- D. केवल 1, 3 और 4 ✓

Q72 Local bodies articles

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243Y के अनुसार, वित्त आयोग, नगर पालिकाओं के संबंध में अपनी अनुशंसाएं किसे प्रस्तुत करता है?

- A. राज्य के वित्त मंत्री
- B. राज्य के मुख्य सचिव
- C. भारत के राष्ट्रपति
- D. राज्य के राज्यपाल ✓

Q73 Local bodies articles

भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद, नगरपालिकाओं को वित्तीय शक्तियां प्रदान करता है?

- A. अनुच्छेद 243X ✓
- B. अनुच्छेद 243ZB
- C. अनुच्छेद 243U
- D. अनुच्छेद 243P

Q74 Local bodies articles

निम्नलिखित में से किस संशोधन ने नगरपालिकाओं के लिए "जिला योजना समितियां (District Planning Committees)" और "महानगरीय योजना समितियां (Metropolitan Planning Committees)" गठित करना संवैधानिक रूप से अनिवार्य बना दिया?

- A. 102वां संशोधन
- B. 73वां संशोधन
- C. 74वां संशोधन ✓
- D. 97वां संशोधन

Q75 Local bodies articles

भारतीय संविधान के 74वें संशोधन के अंतर्गत, मताधिकारों के बिना नगरपालिका में प्रतिनिधित्व के लिए कौन पात्र होता है?

- A. राज्यों के राज्यपाल
- B. मुख्यमंत्री
- C. ग्राम सभा के सदस्य
- D. नगरपालिका प्रशासन में विशेष ज्ञान रखने वाले व्यक्ति ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q76 Local bodies articles

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद पंचायतों और नगरपालिकाओं के लेखापरीक्षा से संबंधित हैं?

- A. अनुच्छेद 243 J और अनुच्छेद 243 Z ✓
- B. अनुच्छेद 243 I और अनुच्छेद 243 Y
- C. अनुच्छेद 243 G और अनुच्छेद 243 ZB
- D. अनुच्छेद 243 M और अनुच्छेद 243 ZA

Q77 Local bodies schedules

मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार, भारतीय संविधान की बारहवीं अनुसूची शहरी स्थानीय निकायों के कार्यात्मक क्षेत्र में कितने नए कार्यों को परिभाषित करती है?

- A. 18 ✓
- B. 21
- C. 20
- D. 19

Q78 Local government

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243V, किस प्रकार के निकाय में सदस्यता के लिए अयोग्यता पर लागू होता है?

- A. राज्य विधानमंडल
- B. पंचायत
- C. जिला परिषद
- D. नगर पालिका ✓

Q79 Local government

74वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 ने संविधान की बारहवीं अनुसूची के अंतर्गत नगरपालिकाओं को _____ कार्यात्मक डोमेन सौंपे।

- A. 9
- B. 10
- C. 20
- D. 18 ✓

Q80 Local government

निम्नलिखित में से कौन-सा, 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 की विशेषता **नहीं** है?

- A. पंचायतों के लिए हर पांच साल में अनिवार्य चुनाव
- B. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए सीटों के आरक्षण का प्रावधान
- C. स्वशासन की संस्थाओं के रूप में पंचायतों की स्थापना
- D. ग्राम स्तर पर लोकपाल की स्थापना ✓

Q81 Local self-government

अनुच्छेद 243Q के अनुसार, संक्रमणकालीन क्षेत्र के लिए नगरपालिका स्तर को _____ के रूप में नामित किया जाएगा।

- A. नगर परिषद
- B. टाउनशिप
- C. नगर पंचायत ✓
- D. नगर निगम

Q82 Official languages

भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग, भारतीय संघ की राजभाषाओं से संबंधित है?

- A. भाग XVI
- B. भाग XVII ✓
- C. भाग XX
- D. भाग XV

Q83 Panchayati Raj provisions

भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 के माध्यम से व्यावहारिक प्रभाव दिया गया था, जिससे भारत में पंचायती राज प्रणाली की स्थापना हुई?

- A. अनुच्छेद 38
- B. अनुच्छेद 56
- C. अनुच्छेद 40 ✓
- D. अनुच्छेद 48

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q84 Parliament articles

प्रत्येक सामान्य निर्वाचन के पश्चात् प्रथम सत्र के आरंभ में और प्रत्येक वर्ष के प्रथम सत्र के आरंभ में राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों में दिया जाने वाला विशेष अभिभाषण, भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत उल्लिखित है?

A. अनुच्छेद 88

B. अनुच्छेद 87 ✓

C. अनुच्छेद 86

D. अनुच्छेद 85

Q85 Parliament articles

_____ कुछ मामलों में संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की प्रक्रिया का वर्णन करता है।

A. अनुच्छेद 94

B. अनुच्छेद 115

C. अनुच्छेद 104

D. अनुच्छेद 108 ✓

Q86 Parliament articles

भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा, राष्ट्रपति द्वारा राज्य-सभा में नियुक्त सदस्यों की संख्या को इंगित करता है?

A. दस

B. बारह ✓

C. चौदह

D. बीस

Q87 Parliament articles

भारत के संविधान के अनुच्छेद 84 के अनुसार, लोक सभा की सदस्यता हेतु अर्हता प्राप्त करने के लिए एक व्यक्ति की न्यूनतम आयु निम्नलिखित में से कितनी होनी चाहिए?

A. पच्चीस वर्ष ✓

B. अठारह वर्ष

C. इक्कीस वर्ष

D. तीस वर्ष

Q88 Parliament legislative powers

भारतीय संविधान निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में संसद को राज्य सूची में उल्लिखित मामलों पर कानून बनाने का अधिकार देता है?
1. राज्य सभा द्वारा उस आशय का प्रस्ताव पारित करने पर
2. राष्ट्रीय आपातकाल के दौरान
3. राज्य के अनुरोध पर
4. अंतर्राष्ट्रीय समझौतों को लागू करने के लिए
5. प्रधानमंत्री के विवेक पर

A. केवल 1, 2, 3 और 4 ✓

B. केवल 1, 2, 4 और 5

C. केवल 1, 2, 3 और 5

D. केवल 2, 3, 4 और 5

Q89 Parliamentary privileges

संविधान के अंतर्गत किस प्राधिकारी को संसद के प्रत्येक सदन के सदस्यों और उनकी समितियों की शक्तियों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों को परिभाषित करने की शक्ति दी गई है?

A. लोकसभा अध्यक्ष

B. स्वयं संसद ✓

C. भारत के राष्ट्रपति

D. सर्वोच्च न्यायालय

Q90 Preamble

उद्देशिका, मुख्यत: निम्नलिखित में से किस रूप में कार्य करती है?

A. निर्वचन के लिए एक निर्देशक सिद्धांत ✓

B. एक वित्तीय दिशानिर्देश

C. विधि का प्रवर्तनीय भाग

D. संविधान की एक अनुसूची

Q91 Preamble

उद्देशिका भारत को निम्नलिखित में से क्या घोषित करती है?

A. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, संघीय, लोकतांत्रिक, गणराज्य

B. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य ✓

C. प्रभुत्व संपन्न, संघीय, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, गणराज्य

D. प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, संघ

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q92 Preamble objectives

अनुच्छेद 39A के अंतर्गत नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान करना अप्रत्यक्ष रूप से उद्देशिका के किस उद्देश्य को बढ़ावा देता है?

- A. न्याय ✓
- B. गणराज्य
- C. संप्रभुता
- D. धर्मनिरपेक्षता

Q93 Preamble objectives

भारतीय संविधान की उद्देशिका में प्रयुक्त 'संप्रभु (Sovereign)' शब्द का भारत के लिए क्या अर्थ है?

- A. गुटनिरपेक्षता की नीति
- B. सभी नागरिकों के लिए धार्मिक स्वतंत्रता
- C. बाह्य नियंत्रण से स्वतंत्र ✓
- D. राष्ट्रपति नियुक्त करने की शक्ति

Q94 Prime Minister

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. प्रधानमंत्री के पदभार ग्रहण करने से पहले, राष्ट्रपति उसे पद और गोपनीयता की शपथ दिलाता है।
2. राष्ट्रपति किसी भी समय विवेकाधीन तरीके से प्रधानमंत्री को बर्खास्त कर सकता है।
3. यदि प्रधानमंत्री लोकसभा का विश्वास खो देता है, तो उसे इस्तीफा देना होगा या राष्ट्रपति उसे बर्खास्त कर सकता है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

- A. केवल 2 और 3
- B. केवल 1 और 3 ✓
- C. केवल 1 और 2
- D. केवल 1

Q95 Right to Property

संपत्ति का अधिकार भारतीय संविधान के भाग III से हटाकर _____ में जोड़ा गया।

- A. भाग XIII
- B. भाग XI
- C. भाग X
- D. भाग XII ✓

Q96 SC ST provisions

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रपति को विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अनुसूचित जातियों को निर्दिष्ट करने का अधिकार देता है?

- A. अनुच्छेद 344
- B. अनुच्छेद 342
- C. अनुच्छेद 330
- D. अनुच्छेद 341 ✓

Q97 Schedules of Constitution

भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची, राज्यसभा में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सीटों के आवंटन से संबंधित है?

- A. पहली अनुसूची
- B. दूसरी अनुसूची
- C. चौथी अनुसूची ✓
- D. छठी अनुसूची

Q98 Seventh Schedule lists

भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से विषय संघ सूची में शामिल हैं?

- A. रक्षा, विदेशी मामले और नागरिकता ✓
- B. स्थानीय सरकार, बाजार और मेले
- C. शिक्षा, वन और विवाह
- D. पुलिस, जन स्वास्थ्य और कृषि

Q99 State PSC articles

भारत के संविधान के अनुच्छेद 316 के तहत राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का नियुक्ति प्राधिकारी _____ होता है।

- A. राज्य का राज्यपाल ✓
- B. राज्य का मुख्यमंत्री
- C. भारत का राष्ट्रपति
- D. राज्य विधानसभा का अध्यक्ष

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q100 State executive articles

निम्नलिखित कथनों पर विचार करें।
1. अनुच्छेद 167 के अनुसार, यह मुख्यमंत्री का कर्तव्य है कि वह राज्यपाल को मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों से अवगत कराए।
2. अनुच्छेद 165 के अंतर्गत राज्यपाल, मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाता है।
3. अनुच्छेद 163 के अंतर्गत विवेकाधीन मामलों को छोड़कर राज्यपाल की सहायता और सलाह देने के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद का प्रावधान है।
उपरोक्त में से कौन-सा कथन सही है?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3 ✓
D. केवल 1 और 3

Q101 State legislature

भारत के संविधान के अनुसार, अनुच्छेद 182 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

A. राज्य विधानसभाओं की संरचना
B. राज्य विधान परिषद के सभापति और उपसभापति ✓
C. राज्यपाल के विशेष संबोधन
D. सदस्यता के लिए अयोग्यता

Q102 State legislature articles

भारत के संविधान के अनुच्छेद 171 के अनुसार, किसी राज्य की विधान परिषद की कुल सदस्यता, राज्य विधान सभा के कुल सदस्यों के निम्नलिखित में से किस अनुपात से अधिक नहीं होगी?

A. एक-चौथाई
B. एक-तिहाई ✓
C. दो-तिहाई
D. आधी

Q103 Supreme Court jurisdiction

निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय के मूल क्षेत्राधिकार से संबंधित है?

A. अनुच्छेद 131 ✓
B. अनुच्छेद 124
C. अनुच्छेद 32
D. अनुच्छेद 141

Q104 Supreme Court powers

भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, सर्वोच्च न्यायालय को उसके द्वारा सुनाए गए किसी भी निर्णय या दिए गए आदेश के पुनर्विलोकन का अधिकार देता है?

A. अनुच्छेद 136
B. अनुच्छेद 145
C. अनुच्छेद 137 ✓
D. अनुच्छेद 141

Q105 Tribunals

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही कथनों का चयन कीजिए।

1. यह लोक सेवकों की भर्ती और सेवा शर्तों से संबंधित मामलों में मूल अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करता है।
2. रक्षा बलों के सदस्य, उच्चतम न्यायालय के अधिकारी और संसदीय कर्मचारी भी इसमें शामिल होते हैं।
3. CAT के सदस्यों की नियुक्ति प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति की अनुशंसा के आधार पर की जाती है।

A. केवल 4
B. केवल 1 ✓
C. केवल 2 और 3
D. केवल 1 और 2

Q106 Union executive

निम्नलिखित में से कौन-सा, मंत्रिपरिषद की त्रि-स्तरीय संरचना को सटीक रूप से निरूपित करता है?

A. मुख्यमंत्री – राज्य मंत्री – उप-मुख्यमंत्री
B. कैबिनेट मंत्री – उप-मंत्री – राज्यपाल
C. प्रधानमंत्री – राज्य मंत्री – कैबिनेट मंत्री
D. कैबिनेट मंत्री – राज्य मंत्री – उप-मंत्री ✓

Q107 Union executive

भारत में मंत्रिमंडल मंत्रियों की भूमिका के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. ये गृह, रक्षा और वित्त जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों के प्रमुख होते हैं। ✓
B. ये मंत्रिमंडल की बैठकों में भाग नहीं लेते हैं।
C. ये नीतिगत निर्णयों में शामिल नहीं होते हैं।
D. ये केवल अन्य मंत्रियों को उनके कार्यों (duties) में सहायता करते हैं।

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q108 Union executive

निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें।

अनुच्छेद प्रावधान

1. 63 भारत के उपराष्ट्रपति
2. 64 उपराष्ट्रपति, राज्य परिषद का पदेन अध्यक्ष होगा
3. 65 राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेगा
4. 66 उपराष्ट्रपति का चुनाव

उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

- A. 1, 2, 3 और 4 ✓
- B. केवल 1 और 2
- C. केवल 1, 2 और 3
- D. केवल 2, 3 और 4

Q109 Union executive

संविधान के उल्लंघन के कारण राष्ट्रपति पर महाभियोग का आरोप _____ द्वारा लगाया जा सकता है।

- A. केवल लोकसभा अध्यक्ष
- B. केवल लोकसभा
- C. संसद के किसी भी सदन ✓
- D. केवल राज्यसभा

Q110 Union territories

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तथा पुदुचेरी के प्रशासकों को _____ के रूप में नामित किया गया है।

- A. राज्यपाल (Governor)
- B. प्रशासक (Administrator)
- C. मुख्यमंत्री (Chief Minister)
- D. उपराज्यपाल (Lieutenant Governor) ✓

Q111 Union territories

भारतीय संविधान के अनुच्छेद _____ के अनुसार, संविधान (69वाँ संशोधन) अधिनियम, 1991 के लागू होने की तिथि से दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली कहा जाएगा।

- A. 239AD
- B. 239AC
- C. 239AA ✓
- D. 239AB

Q112 Union territories

भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह निर्दिष्ट किया गया है कि केंद्र शासित प्रदेशों को राष्ट्रपति द्वारा प्रशासित किया जाएगा, जो उनकी देखरेख के लिए एक प्रशासक नियुक्त कर सकता है?

- A. अनुच्छेद 241
- B. अनुच्छेद 242
- C. अनुच्छेद 240
- D. अनुच्छेद 239 ✓

Q113 Union territories

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 239AA के अनुसार, संविधान (69वां संशोधन) अधिनियम, 1991 के लागू होने के बाद, दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश को निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

- A. यूनियन स्टेट ऑफ दिल्ली (Union State of Delhi)
- B. एडमिनिस्ट्रेटिव कैपिटल ऑफ इंडिया (Administrative Capital of India)
- C. नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (National Capital Territory of Delhi) ✓
- D. नेशनल कैपिटल रीजन ऑफ दिल्ली (National Capital Region of Delhi)

Q114 Union territories

संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्रशासक को केंद्र शासित प्रदेशों में विधानमंडल के अवकाश के दौरान अध्यादेश जारी करने का अधिकार देता है?

- A. 239
- B. 239AA
- C. 239B ✓
- D. 241

Q115 Union territories provisions

भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किसके अनुसार, संसद कानून बनाकर, किसी केंद्र शासित प्रदेश के लिए हाई कोर्ट बना सकती है।

- A. अनुच्छेद 238
- B. अनुच्छेद 239
- C. अनुच्छेद 240
- D. अनुच्छेद 241 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q116 Union territories provisions

निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा और मंत्रिपरिषद है?

A. दमन और दीव

B. पुदुचेरी ✓

C. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

D. दादरा और नगर हवेली

Q117 Union territories provisions

निम्नलिखित में से किस केंद्र शासित प्रदेश में विधान सभा और मंत्रिपरिषद है?

A. अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह

B. दादरा और नगर हवेली

C. दमन और दीव

D. पुडुचेरी ✓

Q118 Union territories provisions

निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत यह प्रावधान किया गया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की एक अपनी विधानसभा होगी?

A. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991 ✓

B. दिल्ली प्रशासन अधिनियम, 1987

C. केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम, 1963

D. दिल्ली शासन अधिनियम, 2001

Q119 Union-State finance

संविधान के अनुच्छेद 275 के अंतर्गत, संसद द्वारा राज्यों को सहायता अनुदान के रूप में दी गई धनराशियाँ किस निधि पर प्रभारित की जानी चाहिए?

A. राज्य आपातकालीन निधि

B. भारत की संचित निधि ✓

C. भारत की आकस्मिकता निधि

D. भारत का लोक लेखा

Q120 Writ jurisdiction

मौलिक अधिकारों के अतिरिक्त अन्य कानूनी अधिकारों के संबंध में रिट जारी करने की उच्च न्यायालयों की शक्ति _____ के अंतर्गत उल्लिखित है।

A. अनुच्छेद 227

B. अनुच्छेद 226 ✓

C. अनुच्छेद 32

D. अनुच्छेद 245

Q121 Writs

मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए रिट जारी करने की शक्ति _____ में निहित है।

A. जिला न्यायालय और उच्च न्यायालयों

B. सत्र न्यायालय और उच्च न्यायालयों

C. उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों ✓

D. लोक अदालत और उच्च न्यायालयों

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Indian Polity & Governance 13 Questions • Answer Key

Q1 Cabinet committees

निम्नलिखित में से किस मंत्रिमंडल समिति की अध्यक्षता प्रधानमंत्री **नहीं** करते हैं?

A. आर्थिक कार्यों की मंत्रिमंडल समिति

B. रोजगार और कौशल विकास की मंत्रिमंडल समिति

C. संसदीय कार्यों की मंत्रिमंडल समिति ✓

D. निवेश और वृद्धि की मंत्रिमंडल समिति

Q2 Census

भारत में जनगणना, जनगणना अधिनियम _____ के कानूनी अधिकार के अंतर्गत दस वर्षों में एक बार की जाती है।

A. 1947

B. 1948 ✓

C. 1872

D. 2010

Q3 Good governance

निम्नलिखित में से कौन-सा डॉक्यूमेंट सुशासन से संबंधित **नहीं** है?

A. राष्ट्रीय वन नीति, 1988 ✓

B. सेवोत्तम मॉडल

C. नागरिक चार्टर

D. द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग

Q4 Judiciary and Lok Adalat

भारत में पहली ई-लोक अदालत किस वर्ष आयोजित की गई थी?

A. 2014

B. 2020 ✓

C. 2016

D. 2012

Q5 Judiciary and Lok Adalat

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम कब लागू हुआ था?

A. 1 अप्रैल 1988

B. 26 जनवरी 1950

C. 15 अगस्त 1947

D. 9 नवंबर 1995 ✓

Q6 Judiciary and legal services

निम्नलिखित में से कौन-सा अधिनियम, भारत में लोक अदालतों को वैधानिक दर्जा प्रदान करता है?

A. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908

B. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 ✓

C. भारतीय संविधान

D. माध्यस्थम् और सुलह अधिनियम, 1996

Q7 Judiciary and legal services

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की स्थापना _____ के तहत की गई थी।

A. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 ✓

B. अधिवक्ता अधिनियम, 1961

C. दंड प्रक्रिया संहिता, 1973

D. कानूनी सहायता और सलाह अधिनियम, 1972

Q8 Prime Ministers of India

निम्नलिखित में से कौन-से भारतीय प्रधानमंत्री कभी भी भारत के किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री नहीं रहे?

A. पी.वी. नरसिंह राव

B. वी.पी. सिंह

C. मोरारजी देसाई

D. चंद्रशेखर ✓

Q9 RTI Act

निम्नलिखित में से कौन-सी सूचना, RTI अधिनियम, 2005 के अंतर्गत सूचना के प्रकटीकरण से छूट का आधार **नहीं** है?

A. भारत की संप्रभुता और अखंडता

B. जनहित ✓

C. विचार-विमर्श के रिकॉर्ड सहित कैबिनेट के कागजात

D. संसद के विशेषाधिकार का उल्लंघन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Right to Information

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के संबंध में **गलत** है?

A. इसमें राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय सहित सभी संवैधानिक प्राधिकरण शामिल हैं।

B. सरकार द्वारा वित्तपोषित सभी गैर-सरकारी संगठन (NGO) सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आते हैं।

C. अधिनियम यह आदेश देता है कि सामान्य मामलों में अनुरोध के 30 दिनों के भीतर सूचना प्रदान की जानी चाहिए।

D. केंद्रीय सूचना आयोग एक संवैधानिक निकाय है। ✓

Q11 Tribunals

कौन-सा विधान, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (CAT) के सृजन और प्रचालन के लिए विधिक आधार बनाता है?

A. प्रशासनिक अधिकरण अधिनियम, 1985 ✓

B. न्यायपालिका अधिनियम, 1971

C. सेवा विषयक अधिनियम, 1990

D. अधिकरण सुधार अधिनियम, 1980

Q12 Union Council of Ministers

कैबिनेट मंत्री और स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री में मुख्य अंतर क्या होता है?

A. राज्य मंत्रालय को मंत्रिमंडल की बैठकों में शामिल किया जाता है लेकिन यह किसी भी महत्वपूर्ण शक्तियों का प्रयोग नहीं करता है।

B. स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री किसी भी महत्वपूर्ण शक्तियों का प्रयोग नहीं करता है।

C. स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के पास कोई विशिष्ट जिम्मेदारी नहीं होती है।

D. स्वतंत्र प्रभार वाला राज्य मंत्री, कैबिनेट मंत्री के अधीन हुए बिना किसी मंत्रालय का नेतृत्व कर सकता है। ✓

Q13 Union executive

केंद्रीय मंत्रिमंडल किस तरह से अन्य सरकारी समितियों से भिन्न है?

A. यह प्रधानमंत्री से स्वतंत्र रूप से कार्य करता है

B. इसका चुनाव जनता द्वारा किया जाता है

C. इसमें न्यायपालिका के सदस्य शामिल होते हैं

D. यह कार्यपालिका के सर्वोच्च निर्णय लेने वाले निकाय के रूप में कार्य करता है ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Development concepts

रूढ़िगत विकास (traditional development) अर्थशास्त्र में, विकास का अर्थ मुख्य रूप से क्या था?

A. रोजगार के अवसरों में वृद्धि

B. प्रति व्यक्ति वास्तविक आय में वृद्धि ✓

C. औद्योगिक उत्पादन का विस्तार

D. राष्ट्रीय आय के स्तरों में वृद्धि

Q2 Economic reforms 1991

निम्नलिखित में से किसे भारत में LPG सुधारों का लाभ **नहीं** माना जाता है?

A. व्यापार प्रतिबंधों में वृद्धि ✓

B. उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाना

C. निजी क्षेत्र का विस्तार

D. अंतर्राष्ट्रीय साझेदारियों में वृद्धि

Q3 Economic sectors

निम्नलिखित में से कौन-सी एक तृतीयक गतिविधि है?

A. इस्पात निर्माण

B. धातु कर्मण

C. खनिज निष्कर्षण

D. जूते चमकाना ✓

Q4 Economic sectors

भारत में बड़े शहरों में तृतीयक गतिविधियों का अनुपात अधिक क्यों होता है?

A. खनन कार्यों के कारण

B. शहरी समूहन और सेवाओं की मांग के कारण ✓

C. प्राथमिक संसाधनों की कमी के कारण

D. उपजाऊ भूमि के कारण

Q5 Economic systems

भारत ने 1947 के बाद विभिन्न क्षेत्रकों के विकास को संतुलित करने के लिए कौन-सी आर्थिक प्रणाली अपनाई थी?

A. शुद्ध समाजवाद

B. निर्देशित अर्थव्यवस्था

C. शुद्ध पूँजीवाद

D. मिश्रित अर्थव्यवस्था ✓

Q6 Fiscal policy limits

भारतीय अर्थव्यवस्था में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकारी व्यय बढ़ाने में निम्नलिखित में से कौन-सी सीमा है?

A. स्फीति-गतिरोध की प्रवृत्तियां बनाना

B. विदेशी व्यापार में उग्रता से वृद्धि करना

C. मुद्रास्फीति में वृद्धि की संभावना ✓

D. सामाजिक पूंजी विकास में उग्रता से वृद्धि करना

Q7 Five Year Plans

द्वितीय पंचवर्षीय योजना (1956) के अनुसार, भारतीय सरकार ने अर्थव्यवस्था के किन क्षेत्रकों को सीधे विकसित और प्रबंधित करने का निर्णय लिया?

A. भारी उद्योग ✓

B. लघु व्यवसाय

C. कृषि क्षेत्रक

D. सेवा क्षेत्रक

Q8 Human development

मानव विकास के संकल्पनात्मक फ्रेमवर्क का प्रतिपादन _____ के द्वारा किया गया था।

A. डॉ. अब्दुस सलाम

B. प्रो. अमर्त्य सेन

C. डॉ. महबूब-उल-हक़ ✓

D. एलन सी. सेम्पुल

Q9 Human development

निम्नलिखित में से किस विद्वान ने मानव विकास की अवधारणा प्रस्तुत की?

A. ग्रिफ़िथ टेलर (Griffith Taylor)

B. अलेक्जेंडर वॉन हम्बोल्ट (Alexander Von Humboldt)

C. महबूब-उल-हक (Mahbub-ul-Haq) ✓

D. अमर्त्य सेन (Amartya Sen)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q10 Human development

मानव विकास के कितने मुख्य उपागम हैं?

A. तीनः आय, कल्याण और क्षमता उपागम

B. छहः आय, कल्याण, मूल आवश्यकता, क्षमता, अधिकार-आधारित, सहभागी उपागम

C. चार: आय, कल्याण, न्यूनतम आवश्यकता और क्षमता उपागम ✓

D. पाँचः आय, कल्याण, क्षमता, अधिकार-आधारित और संधारणीयता उपागम

Q11 Industrial growth

वर्ष 1991-92 से वर्ष 1998-99 के दौरान, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के अनुसार किस औद्योगिक क्षेत्र की औसत वार्षिक वृद्धि में स्पष्ट गिरावट दर्ज की गई?

A. बिजली और उपयोगिताएँ

B. खनन और उत्खनन

C. विनिर्माण और इंजीनियरिंग

D. मूलभूत और पूंजीगत वस्तुएं ✓

Q12 Industrial growth

गोल्डर और कुमारी द्वारा किए गए अध्ययन के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में कुल साधन उत्पादकता (TFP) वृद्धि में कार्यमंदन का प्रमुख कारण क्या था?

A. विदेशी पूंजी पर अत्यधिक निर्भरता

B. क्षमता उपयोग में गिरावट ✓

C. निर्यात पर अत्यधिक नियमन

D. कुशल श्रमिकों की कमी

Q13 Infrastructure and development

आर्थिक अवसंरचना, विकास में प्रत्यक्ष रूप से किस प्रकार योगदान देती है?

A. यह विभिन्न क्षेत्रों में सभी इनपुट की समग्र उत्पादकता में कमी करती है।

B. यह श्रम की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली मानव पूंजी में सुधार को प्रतिबंधित करती है।

C. यह विभिन्न क्षेत्रों में भौतिक पूंजी के विस्तार और वृद्धि को सीमित करती है।

D. अवसंरचना के विभिन्न खंडों का आउटपुट या अंतिम उत्पाद ✓

Q14 Liberalisation globalisation

निम्नलिखित में से कौन-सा, भारतीय अर्थव्यवस्था पर वैश्वीकरण का प्रभाव **नहीं** है?

A. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) को उदार बनाया गया

B. रुपये की आंशिक संपरिवर्तनीयता प्रणाली की शुरुआत

C. जुलाई, 1991 में रुपये का दो चरणों में लगभग बीस प्रतिशत अवमूल्यन

D. अर्थव्यवस्था की स्थिरता के लिए विदेशी संस्थागत निवेशों को अधिक प्रतिबंधित करना ✓

Q15 Liberalisation globalisation

1991 के सुधारों के दौरान निम्नलिखित में से किसके लिए, औद्योगिक लाइसेंस में छूट नहीं दी गई थी?

A. खाद्य प्रसंस्करण

B. ऐल्कोहॉल ✓

C. कोयला

D. इस्पात

Q16 Planning era economy

1951–1991 के दौरान भारत में किस पॉलिसी ट्रेड-ऑफ ने संतुलित क्षेत्रीय वृद्धि को सीमित कर दिया?

A. सेवाएँ बनाम विनिर्माण

B. आयात बनाम निर्यात

C. कृषि बनाम उद्योग ✓

D. निजी बनाम सार्वजनिक क्षेत्र

Q17 Poverty and employment

अनौपचारिक रोजगार की उच्च दर और सामाजिक सुरक्षा कवरेज की निम्न दर वाले देश में, गरीबी उन्मूलन और रोजगार के औपचारिकरण दोनों में कौन-सी नीति सबसे प्रभावी होने की संभावना है?

A. लक्षित खाद्य सब्सिडी

B. सार्वभौमिक मूल आय

C. अनौपचारिक क्षेत्र में सामाजिक बीमा का विस्तार ✓

D. नियंत्रण मुक्त श्रम कानून

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q18 Sectoral composition

1990 तक GDP में किस क्षेत्रक के शेयर में अत्यधिक वृद्धि हुई, जो भारतीय अर्थव्यवस्था में परिवर्तन को दर्शाती है?

A. कृषि
B. खनन
C. उद्योग ✓
D. सेवा

Q19 Sectoral composition

भारत की 1991 से पूर्व की आर्थिक संरचना के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा, क्षेत्रीय GDP योगदान और रोजगार समावेश के बीच विरोधाभास को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है?

A. सेवाओं ने GDP वृद्धि और रोजगार सृजन में समान रूप से योगदान दिया।
B. GDP और रोजगार में सबसे अधिक योगदान उद्योग का था।
C. GDP की गिरावट में कृषि का योगदान रहा, लेकिन इसने अधिकांश रोजगार का समावेश किया। ✓
D. विनिर्माण क्षेत्र, रोजगार का प्रमुख स्रोत बन गया।

Q20 Sectoral composition

वर्ष 1950-51 से वर्ष 2016-17 तक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि की हिस्सेदारी में क्या रुझान देखा गया है?

A. उछाल के साथ निरंतर गिरावट
B. तीव्र वृद्धि और त्वरित गिरावट
C. उल्लेखनीय कमी ✓
D. उतार-चढ़ाव के साथ मध्यम वृद्धि

Q21 Sectors of economy

पर्यटन को किस प्रकार की गतिविधि के रूप में वर्गीकृत किया जाता है?

A. चतुर्थक
B. तृतीयक ✓
C. प्राथमिक
D. द्वितीयक

Q22 Sectors of economy

विकसित देशों में, कुल उत्पादन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गया है?

A. तृतीयक क्रियाकलाप ✓
B. द्वितीयक क्रियाकलाप
C. पंचम क्रियाकलाप
D. प्राथमिक क्रियाकलाप

Q23 Unemployment measures

कौन-सी मापन विधि संदर्भ वर्ष में बेरोजगार पाए गए सभी व्यक्तियों को शामिल करती है और दीर्घकालिक बेरोजगारी को दर्शाती है?

A. वर्तमान दैनिक स्थिति बेरोजगारी (Current Daily Status Unemployment)
B. सामान्य सहायक स्थिति बेरोजगारी (Usual Subsidiary Status Unemployment)
C. सामान्य प्रमुख स्थिति बेरोजगारी (Usual Principal Status Unemployment) ✓
D. वर्तमान साप्ताहिक स्थिति बेरोजगारी (Current Weekly Status Unemployment)

Q24 Unemployment types

कौन-सा पद उस स्थिति का वर्णन करता है जिसमें एक व्यक्ति नियोजित तो होता है, लेकिन वेतन, कार्य-घंटे या कौशल स्तर के संदर्भ में वांछित क्षमता में नहीं होता है?

A. अल्प-रोजगार ✓
B. अनैच्छिक रोजगार
C. निम्न वेतन रोजगार
D. अंशकालिक रोजगार

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Indian Economy
9 Questions • Answer Key

Q1 Banking laws

2025 में किस अधिनियम ने भारतीय रिजर्व बैंक की बैंकों के लिए एकसमान रिपोर्टिंग मानक लागू किए?

A. भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934
B. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949
C. बैंकिंग कानून (संशोधन) अधिनियम, 2025 ✓
D. भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955

Q2 Banking system

निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत की मौद्रिक प्रणाली अवसंरचना का एक प्रमुख तत्व है?

A. पावर स्टेशन (Power station)
B. रेलवे (Railway)
C. सड़कें (Roads)
D. बैंक (Bank) ✓

Q3 Financial institutions

भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा औद्योगिक वित्तपोषण संस्थान 1990 में स्थापित किया गया था?

A. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम (IFCI)
B. इंडस्ट्रियल क्रेडिट एंड इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (ICICI)
C. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ✓
D. इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (IDBI)

Q4 Microfinance and SHGs

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत में स्वयं सहायता समूहों (SHGs) की भूमिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. वे सरकारी स्वामित्व वाले सहकारी बैंकों के रूप में कार्य करते हैं।
B. वे मितव्यय को प्रोत्साहित करते हैं और गरीब ग्रामीण महिलाओं को सूक्ष्म-ऋण सुविधाएं प्रदान करते हैं। ✓
C. वे किसानों को बड़े पैमाने पर औद्योगिक ऋण प्रदान करते हैं।
D. वे भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों के रूप में कार्य करते हैं।

Q5 Monetary policy

निम्नलिखित में से कौन-सा, 1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत की मौद्रिक नीति में हुए संरचनात्मक समायोजन को प्रदर्शित करता है?

A. नियामक उपकरण के रूप में खुला बाजार के संचालन का उन्मूलन
B. रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप में कमी के साथ बाजार द्वारा निर्धारित ब्याज दरें ✓
C. कृषि और MSME के लिए नियंत्रित ऋण दरें
D. घाटे के वित्तपोषण के माध्यम से मुद्रा आपूर्ति का विस्तार

Q6 Monetary policy

RBI और केंद्र सरकार के बीच मार्च 1997 में हुए समझौते के अनुसार, 1 अप्रैल 1997 से कौन-सा अभ्यास बंद कर दिया गया था?

A. 91 दिनों के ट्रेजरी बिल जारी करना
B. दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से बाजार ऋण
C. राजकोषीय घाटे का स्वतः मुद्रीकरण
D. तदर्थ ट्रेजरी बिल जारी करने का अभ्यास ✓

Q7 Monetary policy

ऑपरेशन ट्विस्ट (operation twist) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. ऑपरेशन ट्विस्ट केंद्रीय बैंकों की एक मौद्रिक नीति है जिसका उपयोग ब्याज दरों को कम करने और देश में निवेश को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है।
2. इस ऑपरेशन के तहत, RBI ने बाजारों में तरलता लाने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों के प्रतिफल में बदलाव किया।
3. यह ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) के माध्यम से अल्पकालिक और दीर्घकालिक दोनों प्रकार की सरकारी प्रतिभूतियों की एक साथ खरीद और बिक्री करके किया जाता है।

नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिए।

A. केवल 2 और 3
B. केवल 1 और 2
C. 1, 2 और 3 ✓
D. केवल 1 और 3

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q8 Monetary policy

भारत सरकार द्वारा मौद्रिक नीति समिति के ढांचे के अंतर्गत अप्रैल 2026 तक मुद्रास्फीति का लक्ष्य कितना निर्धारित किया गया है?

- **A.** ±2% की सहिष्णुता के साथ 4% ✓
- **B.** ±2% की सहिष्णुता के साथ 5%
- **C.** ±1% की सहिष्णुता के साथ 3%
- **D.** बिना किसी विनिर्दिष्ट सहिष्णुता के 6%

Q9 Monetary policy

मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य _____ है।

- **A.** करों का अपवंचन करना
- **B.** चुनाव के लिए धन जुटाना
- **C.** रोजगार को अधिकतम करना
- **D.** मूल्य स्थिरता बनाए रखना ✓

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q1 Fiscal policy

दिसंबर 2025 में, वित्त मंत्री ने राज्यों से किस राजकोषीय ढांचे के अधीन निर्धारित सीमाओं के भीतर अपने ऋण का प्रबंधन करने की अपील की है?

A. नीति (NITI) आयोग

B. GST

C. FRBM ✓

D. मौद्रिक नीति

Q2 Fiscal policy

मंदी के दौरान किस प्रकार की राजकोषीय नीति का उपयोग किया जाना चाहिए?

A. विस्तारवादी राजकोषीय नीति ✓

B. संकुचनकारी राजकोषीय नीति

C. स्थिर राजकोषीय नीति

D. निष्प्रभावी राजकोषीय नीति

Q3 GST

संविधान (101वाँ संशोधन) अधिनियम, 2016 के अंतर्गत, उन मामलों में जहाँ वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति अंतर्राज्यीय व्यापार या वाणिज्य के दौरान होती है, GST पर कानून बनाने की अनन्य शक्ति किसके पास है?

A. नीति आयोग

B. राज्य विधानमंडल

C. भारत के राष्ट्रपति

D. संसद ✓

Q4 GST Council

GST परिषद के निर्णयन की प्रक्रिया में, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच मतदान शक्ति का वितरण कैसे होता है?

A. केंद्र = 1/2, राज्य = 1/2

B. केंद्र = 2/3, राज्य = 1/3

C. अकेले राज्य = 1, केंद्र = 0

D. केंद्र = 1/3, राज्य = 2/3 ✓

Q5 Tax reforms

1991 में कर सुधार समिति ने धन कर के संबंध में क्या अनुशंसा की थीं?

A. संपदा शुल्क का पुनर्गठन

B. संपत्ति कर का युक्तिकरण

C. धन कर का उन्मूलन ✓

D. उपहार कर को हटाना

Q6 Union Budget

केंद्रीय बजट 2025-26 के तहत, बीमा क्षेत्र में FDI की सीमा को _____ किया गया है।

A. 51% से बढ़ाकर 100%

B. 26% से बढ़ाकर 49%

C. 49% से बढ़ाकर 74%

D. 74% से बढ़ाकर 100% ✓

Q7 Union Budget 2025-26

भारत के केंद्रीय बजट 2025-26 (1 फरवरी 2025 को प्रस्तुत) में, **सरकार ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)** की सीमा को **74%** से बढ़ाकर किस स्तर (निर्दिष्ट शर्तों के अधीन) तक करने का प्रस्ताव रखा?

A. 80%

B. 49%

C. 100% ✓

D. 90%

Q8 Union Budget 2025-26

निम्नलिखित में से कौन-सा पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) भारत के केंद्रीय बजट में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए घोषित किया गया था?

A. ₹10.0 लाख करोड़

B. ₹11.21 लाख करोड़ ✓

C. ₹13.5 लाख करोड़

D. ₹8 लाख करोड़

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Indian Economy
3 Questions • Answer Key

Q1 1991 BoP crisis ENGLISH

During the 1990–91 balance of payments crisis, India's foreign exchange reserves were sufficient to finance imports for only:

A. three months
B. one month
C. one week
D. two weeks ✓

Q2 Export promotion schemes

मर्चेंडाइज़ एक्सपोर्ट्स फ्रॉम इंडिया स्कीम (MEIS) के अंतर्गत निर्यातकों को निम्नलिखित में से किस रूप में पुरस्कृत किया जाता है?

A. निर्यात-उन्मुख इकाइयों में इक्विटी शेयर
B. अनंतरणीय (Non-transferable) नकद वाउचर
C. स्वतंत्र रूप से अंतरणीय ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप (Duty Credit Scrip) ✓
D. उपयोग करने पर एक्सपायर (expire) होने वाली निर्यात कर छूट

Q3 Globalisation

समकालीन काल में कौन-सी प्रक्रिया, वैश्विक स्तर पर देशों के आर्थिक एकीकरण के लिए उत्तरदायी है?

A. औद्योगीकरण (Industrialisation)
B. पारराष्ट्रीयकरण (Transnationalisation)
C. विश्व-स्थानीय-समन्वय (Glocalisation)
D. वैश्वीकरण (Globalisation) ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Indian Economy 11 Questions • Answer Key

Q1 Agricultural marketing

उदारीकरण के बाद के युग में, कृषि विपणन प्रणाली किस संरचनात्मक कारक के कारण अप्रभावी बनी रही?

A. निर्यात का पूर्ण विनियमन
B. उत्पादों का अति-निगमीकरण
C. APMC सुधार का अप्रभावी कार्यान्वयन ✓
D. एकसमान E-NAM अंगीकरण

Q2 Economic reforms 1991

भारत में बिना लाइसेंस वाली विनिर्माण गतिविधियों के लिए वर्ष 1991 में कौन-सा प्राथमिक उपाय शुरू किया गया था?

A. परियोजना अनुमोदन लाइसेंस (Project Approval Licence)
B. औद्योगिक उद्यमी ज्ञापन (Industrial Entrepreneurs Memoranda)
C. उद्यमशीलता मंजूरी प्रपत्र (Entrepreneurial Clearance Form) ✓
D. विशेष आर्थिक फाइलिंग प्रमाणपत्र (Special Economic Filing Certificate)

Q3 Economic reforms 1991

उदारीकरण के बाद भारतीय उद्योग में किस संरचनात्मक परिवर्तन ने प्रतिस्पर्धा को वर्धित किया?

A. मूल्य नियंत्रण
B. MNC का प्रवेश ✓
C. औद्योगिक संरक्षण
D. सार्वजनिक एकाधिकार

Q4 Economic reforms 1991

जुलाई 1991 में रुपये का अवमूल्यन कितना हुआ था?

A. 18 प्रतिशत ✓
B. 10 प्रतिशत
C. 30 प्रतिशत
D. 25 प्रतिशत

Q5 Economic reforms 1991

1991 के आर्थिक सुधारों के बाद भारत के कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में कौन-सा प्रमुख परिवर्तन आया?

A. अधिक निजी कंपनियों और विदेशी निवेश की अनुमति दी गई। ✓
B. सरकार ने निजी उद्योगों पर नियंत्रण बढ़ा दिया।
C. केवल कृषि को महत्व दिया गया, उद्योग को नहीं।
D. कृषि राष्ट्रीय आय का एकमात्र स्रोत बन गई।

Q6 Economic reforms 1991

निम्नलिखित में से कौन-सा कारक उत्तर-सुधार युग में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा समूह जैसी भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उदय में उल्लेखनीय रूप से योगदान देता है?

A. वैश्वीकरण और निजीकरण ✓
B. कृषि निर्यात में वृद्धि
C. सरकारी सब्सिडी जारी रहना
D. राष्ट्रीयकृत क्षेत्रों का विस्तार

